सोम ग्रुप फर्रुखाबाद में कृषि-प्रसंस्करण परियोजना स्थापित करने हेतु ₹570 करोड़ का निवेश करेगा

सोम ग्रुप ऑफ़ कंपनीज़ की सहायक कंपनी 'वुडपेकर ग्रीनएग्री न्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड', फर्रुखाबाद में परियोजना स्थापित करेगी, जिसमें लगभग 1,300 रोजगार के अवसरों का होगा सृजन

लखनऊ, 28 फरवरी, 2025: प्रसिद्ध सोम ग्रुप ऑफ कंपनीज की सहायक कंपनी 'वुडपेकर ग्रीनएग्री न्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड', जनपद फर्रुखाबाद के खिमसेपुर औद्योगिक क्षेत्र में एक अत्याधुनिक कृषि-प्रसंस्करण परियोजना स्थापित करने जा रही है। लगभग ₹570 करोड़ के निवेश के साथ, यह परियोजना लगभग 40 एकड़ भूमि पर स्थापित की जाएगी, जो उत्तर प्रदेश के औद्योगिक एवं आर्थिक परिदृश्य में एक मील का पत्थर साबित होगी।

इस एकीकृत कृषि-प्रसंस्करण संयंत्र में इथेनॉल, स्टार्च, ग्लूटेन तथा डिस्टिलरी उत्पादों के साथ-साथ पेय पदार्थ (beverages), कार्बोनेटेड वॉटर एवं मवेशी चारा (cattle feed) जैसे सह-उत्पादों (by-products) के उत्पादन की सुविधाएं होंगी। यह पहल, क्षेत्र में आर्थिक तथा कृषि विकास को प्रोत्साहित करने के व्यापक दृष्टिकोण के साथ सतत् एवं नवीन मैन्युफैक्चरिंग पद्धतियों के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

कंपनी को आज उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा 40 एकड़ भूमि हेतु आवंटन पत्र प्राप्त हुआ है।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश के सचिव तथा इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री अभिषेक प्रकाश ने आज लखनऊ स्थित लोकभवन में **सोम ग्रुप के सीईओ, श्री दीपक अरोड़ा तथा सीएफओ, श्री सतीश भंसाली** के साथ इस संबंध में महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न सेक्टरों में निवेश आकर्षित करने के लिए 30 से अधिक नीतियां घोषित की गयी है तथा ईज़ आफ डूइंग बिजनेस (EODB) में उत्तर प्रदेश लगातार 'टाप अचिवर्स' (Top Achievers) की श्रेणी में है।

श्री अभिषेक प्रकाश ने निवेशकों को संबंधित नीति के अंतर्गत हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने आगे कहा कि अधिकतम छह सप्ताह के भीतर कंपनी को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) निर्गत कर दिया जाएगा। साथ ही, उन्होंने प्रमुखता से इस बात पर बल देते हुए कहा कि यह इकाई स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी एवं कंपनी द्वारा कच्चे माल की खरीद से किसानों को प्रयत्क्ष लाभ होगा तथा क्षेत्र के आर्थिक विकास का लाभ मिलेगा।

सोम ग्रुप ऑफ कंपनीज के सीईओ, श्री दीपक अरोड़ा ने उनके संशयों/प्रश्नों के त्वरित समाधान के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एवं इन्वेस्ट यूपी की सराहना की तथा इसे देश के सर्वश्रेष्ठ निवेशक पारिस्थितिकी तंत्रों में से एक बताया, जो सिंगल विंडो क्लियरेंस उद्देश्य को सिद्ध करता है। उन्होने कहा कि

आवश्यक स्वीकृतियाँ प्राप्त होने के उपरांत उक्त संयंत्र, 15 से 18 माह के भीतर अपना वाणिज्यिक उत्पादन आरंभ कर देगा। उन्होंने बताया कि यह इकाई प्रत्यक्ष रूप से लगभग 350 लोगों को रोजगार प्रदान करेगी, जबकि अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 1,000 व्यक्तियों हेतु रोजगार के अवसर सृजित करेगी। इसके अतिरिक्त, कंपनी स्थानीय किसानों से आलू, मक्का, चावल तथा जौ जैसे कच्चे माल क्रय करेगी, जिससे क्षेत्र के कृषि समुदाय को सहायता मिलेगी।

श्री दीपक अरोड़ा ने आगे बताया कि इस इकाई से प्रतिदिन लगभग 300-400 टन अनाज तथा 600 टन आलू का प्रसंस्करण किया जाएगा। साथ ही इकाई को पर्यावरण अनुकूल बनाया जाएगा जिससे यह संयंत्र ज़ीरो-डिस्चार्ज के रूप में कार्य करेगा। इसके अतिरिक्त, यह इकाई वैट के माध्यम से राज्य के राजस्व में योगदान भी करेगी, जिससे आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभ होगा। उन्होंने बताया कि सोम ग्रुप की 2 परियोजनाएं मध्य प्रदेश तथा 1-1 परियोजना कर्नाटक, ऑडिशा एवं छत्तीसगढ़ में संचालित है। वर्तमान में कंपनी द्वारा अपने कुल उत्पादन का 4% निर्यात किया जाता है।